

पाक्षिक

# खबर आस पास

भारत सरकार से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

'जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की, उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।'

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी मो. 9587570001 Email : khabaraaspass@gmail.com

वर्ष : 1 | अंक : डिजिटल | बीकानेर : मंगलवार 08 सितम्बर 2026 | पृष्ठ : 4 | मूल्य : 1.00 रुपया


## अब 25 दिन में बुक होगा एलपीजी सिलेंडर



### ग्रामीण उपभोक्ताओं को 20 दिन की राहत, पहले 45 दिन का था अंतर

**जयपुर।** राजस्थान के ग्रामीण घरेलू गैस उपभोक्ताओं को राहत देते हुए एलपीजी सिलेंडर की अगली रिफिल बुकिंग के अंतराल को घटा दिया गया है। अब ग्रामीण उपभोक्ता पिछली रिफिल के 25 दिन बाद ही अगला सिलेंडर बुक करा सकेंगे। पहले इसके लिए 45 दिन का अंतर निर्धारित था। यानी बुकिंग के अंतराल में सीधे 20 दिन की कमी की गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम को ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए भी रिफिल बुकिंग का अंतर 25 दिन निर्धारित करने के निर्देश दिए हैं। इससे ग्रामीण और शहरी उपभोक्ताओं के लिए रिफिल बुकिंग का अंतर समान हो जाएगा।

**एलपीजी की कमी के बाद लगाया गया था 45 दिन का नियम:** मार्च में ईरान-अमेरिका युद्ध के बाद रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित होने और एलपीजी की किल्लत के बीच ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए दो रिफिल बुकिंग के बीच 45 दिन का अंतर तय किया गया था। इसका उद्देश्य सीमित आपूर्ति के बीच गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को व्यवस्थित करना था।

# ट्रम्प ने ईरान के नक्शे पर लगाई अपनी तस्वीर

## एक घंटे में 7 पोस्ट, खार्ग द्वीप पर हमले की एआई तस्वीर डालकर लिखा- 'बाय-बाय खार्ग'

ईरान की तेल अर्थव्यवस्था, महंगाई और कमजोर करेंसी पर निशाना; होर्मुज से तेल आपूर्ति का आंकड़ा भी साझा किया, ईरान को बताया 'नाकाम देश'

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार रात ईरान के खिलाफ करीब एक घंटे में लगातार 7 पोस्ट कीं। इन पोस्ट में उन्होंने ईरान की कमजोर होती अर्थव्यवस्था, घटते तेल निर्यात, महंगाई और गिरती मुद्रा को निशाना बनाया। ट्रम्प ने ईरान के नक्शे पर अपनी तस्वीर लगाकर भी पोस्ट की। हालांकि सबसे ज्यादा चर्चा खार्ग द्वीप की एआई तस्वीर को लेकर हुई, जिसमें तेल ठिकानों पर बमबारी दिखाई गई और लिखा था- 'बाय-बाय खार्ग।'




**ईरान का नक्शा ट्रम्प के चेहरे जैसा बनाया:** ट्रम्प ने एक ऐसा ग्राफिक साझा किया, जिसमें ईरान के सामान्य नक्शे को बदलकर उसकी सीमा को उनके साइड प्रोफाइल जैसा दिखाया गया। इसके जरिए उन्होंने ईरान पर अपने आक्रामक राजनीतिक संदेश को और उभारा।

**होर्मुज से रोज 1.8 करोड़ बैरल तेल गुजरने का दावा:** एक अन्य ग्राफिक में ट्रम्प ने दावा किया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से अब करीब 1.8 करोड़ बैरल तेल प्रतिदिन गुजर रहा है। उनके साझा किए आंकड़े में पहले यह मात्रा करीब 2 करोड़ बैरल प्रतिदिन बताई गई थी।

**ईरान का तेल निर्यात लगभग शून्य होने का दावा:** ट्रम्प ने ईरान के तेल निर्यात का ग्राफिक भी साझा किया। इसमें दावा किया गया कि 2025 की शुरुआत में करीब 20 लाख बैरल प्रतिदिन का निर्यात 2026 में गिरकर लगभग शून्य तक पहुंच गया। ग्राफिक में बीच में कुछ सुधार के बाद तीसरी तिमाही में निर्यात फिर बेहद निचले स्तर पर दिखाया गया।

**महंगाई पर निशाना- 'ईरान में बहुत ज्यादा महंगाई':** ट्रम्प ने ईरान की महंगाई को लेकर भी ग्राफिक साझा किया। इसमें 'हाइपरइन्फ्लेशन' का जिक्र




किया गया। इसका मतलब ऐसी स्थिति है, जब कीमतें बेहद तेजी से बढ़ती हैं और मुद्रा का मूल्य तेजी से गिरता है।

**रियाल की गिरती कीमत दिखाई:** एक अन्य पोस्ट में ट्रम्प ने ईरानी मुद्रा रियाल को लेकर दावा किया कि इसकी हालत खराब हो चुकी है। साझा ग्राफिक के मुताबिक, 2025 की शुरुआत में एक डॉलर की कीमत करीब 9 लाख रियाल थी, जो दिखाए गए ताजा आंकड़ों में बढ़कर 22.7 लाख रियाल से ज्यादा हो गई।

**खार्ग पर हमले की एआई तस्वीर- 'बाय-बाय खार्ग':** ट्रम्प की सबसे आक्रामक पोस्ट खार्ग द्वीप को लेकर रही। उन्होंने एक एआई तस्वीर साझा की, जिसमें लड़ाकू विमान ईरान के तेल ठिकाने की तरफ बढ़ता और आसपास धमाके होते दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर पर लिखा था- 'बाय-बाय खार्ग।' खार्ग ईरान का प्रमुख तेल निर्यात केंद्र है। ईरान के कच्चे तेल के बड़े हिस्से का निर्यात ऐतिहासिक रूप से इसी द्वीप के जरिए होता रहा है। ऐसे में यहां के तेल ढांचे को नुकसान होने पर ईरान की अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ सकता है।

**ईरान को बताया 'नाकाम देश':** अपनी सातवीं पोस्ट में ट्रम्प ने ईरान का नक्शा साझा करते हुए उसे नाकाम होता देश बताया। उन्होंने ईरान की अर्थव्यवस्था और शासन व्यवस्था के कमजोर होने का दावा किया। इस तरह करीब एक घंटे में की गई सात पोस्ट में ट्रम्प ने ईरान के तेल निर्यात, मुद्रा, महंगाई और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया।

## सवाल करो तो 'दिमागी नक्सल'... हादसों पर राहुल का सरकार पर हमला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सत्य निकेतन में पीजी भवन गिरने से सात लोगों की मौत के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि हादसों से पहले सरकार कोई प्रभावी एहतियाती कदम नहीं उठाती और घटना के बाद कुछ निचले स्तर के अधिकारियों पर कार्रवाई कर जिम्मेदारी पूरी करने का दिखावा करती है। राहुल ने सोमवार को इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट में कहा कि सरकार से सवाल करने वालों को 'दिमागी नक्सल' और 'नाराज फूफा' जैसे अपमानजनक तमगे देकर चुप कराने की कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि सत्य निकेतन की घटना कोई अकेली घटना नहीं है। पिछले चार महीनों में सैदुलाजाब में छह लोगों की मौत और हौज रानी में आग से 22 लोगों की मौत का भी उन्होंने जिक्र किया।

**सात की मौत, पांच गंभीर घायल**-सत्य निकेतन हादसे में अभिषेक, युवराज सोनी, पवन, अर्पित जहाज, अक्षत सिंह यादव, सुरिंदर सिंह और एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हुई है। असगर अली, नीरज बावा, आदित्य कुमार, नीतीश चिब और मोहम्मद अयान गंभीर रूप से घायल हैं। राहुल ने सवाल उठाया कि दिल्ली में तीन स्तर की सरकार होने के बावजूद हादसों की रोकथाम में बेबसी क्यों दिखाई दे रही है।

## दिल्ली हॉस्टल हादसे पर हाईकोर्ट सख्त एमसीडी और डीयू जिम्मेदार, सरकार भी जवाबदेही से नहीं बच सकती

### 27 घंटे बाद रेस्क्यू पूरा, मालिक भिवाड़ी से हिरासत में



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के दक्षिणी परिसर के पास सत्य निकेतन में पांच मंजिला हॉस्टल की इमारत गिरने के मामले में सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया। अदालत ने हादसे के लिए दिल्ली नगर निगम और दिल्ली विश्वविद्यालय को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि बाहर से पढ़ने आने वाले छात्रों के हॉस्टलों की हालत बेहद दयनीय है। सरकार भी अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। अदालत ने दिल्ली नगर निगम, दिल्ली सरकार, केंद्र सरकार, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और दिल्ली विश्वविद्यालय को 10 दिन के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

**मालिक भिवाड़ी से हिरासत में, लुकआउट नोटिस जारी था:** पुलिस ने हॉस्टल के मालिक हरिराम बंसल को राजस्थान के भिवाड़ी से हिरासत में लिया है। उसके खिलाफ पहले ही लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई तेज कर दी गई है। घटनास्थल पर फोरेंसिक विशेषज्ञों ने भी जांच शुरू कर दी है।

**27 घंटे चला बचाव अभियान, 7 की मौत:** सत्य निकेतन में रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे पांच मंजिला इमारत अचानक ढह गई थी। हादसे के बाद मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका के चलते दमकल, एनडीआरएफ और अन्य बचाव दलों ने करीब 27 घंटे तक अभियान चलाया। रविवार दोपहर से सोमवार शाम 4:30 बजे तक चले अभियान के बाद रेस्क्यू पूरा हुआ। हादसे में अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 12 लोगों को सुरक्षित निकाला गया। इनमें पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। करीब 40 साल पुरानी इस इमारत को दिल्ली नगर निगम के रिकॉर्ड में खतरनाक घोषित नहीं किया गया था। अब हादसे के बाद इमारत की सुरक्षा जांच और जिम्मेदारी तय करने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

**तीन साल में इमारत गिरने की 1133 घटनाएं:** उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में वर्ष 2022 से 2025 के बीच इमारत गिरने की 1133 घटनाएं सामने आईं। इन हादसों में 98 लोगों की मौत हुई। सत्य निकेतन हादसे के बाद राजधानी में जर्जर इमारतों और छात्रावासों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल उठे हैं।

सीजेआई बोले..

## लगता है हाई पावर्ड कमेटी मेरे रिटायरमेंट का इंतजार कर रही



**जयपुर।** अरावली की परिभाषा और उसके संरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने मामले में गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति से रिपोर्ट तैयार करने में लगने वाले समय को लेकर सख्त टिप्पणी की। समिति ने अपनी रिपोर्ट के लिए 27 फरवरी 2027 तक का समय मांगा था। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा- लगता है कि आप मेरे रिटायरमेंट का इंतजार कर रहे हैं। पीठ ने समिति के छह महीने के समय मांगने को स्वीकार नहीं किया और उसे 30 नवंबर तक रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। सीजेआई ने निर्धारित समय में काम पूरा करने के लिए समिति को दिन-रात काम करने को कहा। मामले में अगली सुनवाई 2 दिसंबर को होगी।

**राजस्थान-गुजरात के आदिवासियों से भी राय लें:** पीठ ने समिति को अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले व्यापक परामर्श करने के निर्देश दिए। इसमें अरावली क्षेत्र से जुड़े फैसलों से प्रभावित सभी हितधारकों की राय लेने को कहा गया। राजस्थान और गुजरात के आदिवासी समुदायों को भी इस प्रक्रिया में शामिल करने के निर्देश दिए गए। कोर्ट ने समिति को अंतरिम रिपोर्ट देने की अनुमति भी दी, ताकि प्रक्रिया पूरी होने तक न्यायालय को इंतजार न करना पड़े। सुप्रीम कोर्ट ने 20 नवंबर 2025 को 100 मीटर से छोटी पहाड़ियों पर खनन से जुड़ा आदेश दिया था। इसके बाद अरावली की 100 मीटर वाली परिभाषा को लेकर देशभर में विवाद खड़ा हो गया।

# भरतपुर-अलवर में सीएम का रोड शो

**अलवर (कासं)।** राजस्थान में नगर निकायों के पहले चरण (9 सितंबर) के चुनाव के प्रचार के अंतिम दिन सीएम भजनलाल शर्मा ने अलवर और भरतपुर में रोड शो किया। रोड शो के दौरान सीएम ने बातचीत में कहा- जनता को विश्वास है कि मोदी जो कहते हैं, वो करते हैं। सभी निकाय में ट्रिपल इंजन की सरकार बनाना चाहते हैं, ताकि विकास हो। जनता को हम पर विश्वास है। युवा, किसान, मजदूर सभी को लेकर हम चल रहे हैं।



**सीएम के रोड शो में मंत्री की तबीयत बिगड़ी-** अलवर में सीएम के रोड शो के दौरान वन राज्य मंत्री संजय शर्मा की तबीयत बिगड़ गई। संजय शर्मा को खड़े-खड़े चक्कर आने लगे। इसके बाद वो गाड़ी में नीचे बैठ गए।

**दिलावर बोले- बीजेपी बिकाऊ लोगों को वापस नहीं लेगी-** कोटा के रामगंज मंडी में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने रविवार रात दल-बदलुओं को वोट नहीं देने की अपील की। दिलावर ने कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल पर निशाना साधते हुए कहा कि वे कभी बसपा में बिक जाते हैं, कभी कांग्रेस में बिक जाते हैं। अब भाजपा में आने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भाजपा बिकाऊ लोगों को वापस नहीं लेगी। भाजपा श्रेष्ठ और ईमानदार लोगों की पार्टी है। चुनाव में कई निर्दलीय खड़े हो जाते हैं। जैसे-तैसे जीत जाएं तो किसी से 10-20 लाख लपक (बिक जाते हैं ) लेते हैं।

**भरतपुर का आशीर्वाद, सदैव भाजपा के साथ!**

भरतपुर। आज भरतपुर की धरती पर उमड़े जन-समर्थन ने विकास और सुशासन के प्रति जनता के अटूट विश्वास की जीवंत तस्वीर प्रस्तुत की। जन-आशीर्वाद रोड शो में सड़कों के दोनों ओर उमड़ा उत्साह, हर ओर गूंजते जयघोष और लोगों का आत्मीय स्नेह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भरतपुर विकास की नई गति के साथ आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी एवं भरतपुर के पराक्रमी शासक महाराजा सूरजमल जी की कीर्ति-स्थलों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।जन-जन की सहभागिता ने इस समर्थन को और अधिक मजबूत बनाया है। हमारा संकल्प है कि शहरों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं, सुगम नागरिक सेवाएं, स्वच्छ एवं व्यवस्थित परिवेश और पारदर्शी सुशासन सुनिश्चित करते हुए राजस्थान के हर शहर को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाए। भरतपुर की देवतुल्य जनता से मिले इस अपार स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद के लिए हृदय से आभार! आइए, हम सब मिलकर

# कश्मीर के बाद उत्तराखंड में बर्फबारी, बिहार के 12 जिलों में बाढ़ 22.42 लाख लोग प्रभावित; यूपी के बरेली में फायर स्टेशन डूबा

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में मानसून का असर जारी है। कश्मीर के बाद अब उत्तराखंड की ऊंची चोटियों पर भी बर्फबारी हुई है। पिथौरागढ़ की पंचाचूली, हरदेवल, नंदा देवी और नंदा कोट के साथ चमोली में बद्रीनाथ-हेमकुंड की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई। बारिश और बर्फबारी के बाद ऊंचाई वाले इलाकों में ठंड बढ़ गई है। बिहार में गंगा, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक, पुनपुन और बागमती नदियों के उफान से बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। राज्य के 12 जिलों में 22.42 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। भागलपुर में रिंग बांध ओवरफ्लो होने से सुल्तानगंज के करीब 4 हजार घरों में पानी भर गया है। उत्तर प्रदेश में भी मानसूनी बारिश का दौर जारी है। बरेली में रविवार दोपहर से रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण फायर स्टेशन में करीब 3 फीट पानी भर गया। कई




इलाकों में घरों के किचन और बेडरूम तक घुटनों तक पानी पहुंच गया।

**उत्तराखंड में बारिश-बर्फबारी, केदारनाथ मार्ग पर महिला की मौत:** उत्तराखंड में बारिश के बीच ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हुई है। अल्मोड़ा, नैनीताल और चंपावत में सभी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं केदारनाथ पैदल मार्ग पर चीरबासा के पास पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से महाराष्ट्र की 60 वर्षीय महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई।

**यूपी के 58 जिलों में बारिश का अलर्ट:** मौसम विभाग ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के 58 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें छह जिलों में बहुत भारी और 13 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश के 54 जिलों में बारिश दर्ज की गई। बिजनौर में सबसे ज्यादा 90 मिलीमीटर बारिश हुई।

**राजस्थान में 7 जिलों में बारिश की संभावना:** राजस्थान में तेज बारिश का दौर अब धीमा पड़ा है। सोमवार को भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा, बारां और झालावाड़ में बारिश की संभावना जताई गई है। इसके बाद अगले एक सप्ताह मानसून कमजोर रहने और मौसम के अपेक्षाकृत शुष्क रहने का अनुमान है।

**हरियाणा में 12 सितंबर तक सक्रिय रहेगा मानसून:** हरियाणा में 7 से 12 सितंबर तक मानसून सक्रिय रहने की संभावना है। 7 से 10 सितंबर के बीच कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 11 और 12 सितंबर को कई जिलों में बारिश की गतिविधियां बढ़ने का अनुमान है।

# तबाही के 11 दिन बाद तिब्बत पहुंचा विदेशी मीडिया : चीन ने कराया दौरा, बाढ़ में 1300 से ज्यादा मौतें; 5000 अब भी लापता

### ग्यिरोंग बॉर्डर क्रॉसिंग पर दिखा तबाही का मंजर; पांच मंजिला कस्टम्स बिल्डिंग और 20 मीटर ऊंचा बॉर्डर गेट मलबे में दबा, बचावकर्मी रडार से तलाश में जुटे



**काठमांडू।** नेपाल-तिब्बत सीमा पर ग्लेशियर टूटने के बाद आई भीषण बाढ़ से हुई तबाही के 11 दिन बाद पहली बार विदेशी मीडिया को प्रभावित क्षेत्र में जाने की अनुमति दी गई। चीन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को रॉयटर्स समेत कई अंतरराष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के पत्रकारों को तिब्बत के ग्यिरोंग बॉर्डर क्रॉसिंग का दौरा कराया। यह इलाका 26 अगस्त को पानी, कीचड़ और मलबे की तेज लहर की चपेट में आया था।

चीन और नेपाल को मिलाकर इस आपदा में अब तक 1300 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 5000 से अधिक लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।**मलबे में दबा बॉर्डर गेट, कस्टम्स बिल्डिंग का नामोनिशान नहीं:** दौरे के दौरान विदेशी पत्रकारों ने प्रभावित इलाके में चल रहे बचाव अभियान को देखा। नारंगी रंग की वर्दी पहने बचावकर्मी खुदाई मशीनों, फावड़ों और जमीन के नीचे तलाश करने वाले रडार की मदद से लोगों और शवों की तलाश कर रहे हैं। आपदा से पहले यहां चीन की पांच मंजिला कस्टम्स बिल्डिंग मौजूद थी, लेकिन बाढ़ के बाद उसका कोई निशान नहीं बचा। करीब 20 मीटर ऊंचा बॉर्डर गेट भी मलबे में दब गया है। अब वहां केवल पास के पानी के टावर का एक हिस्सा दिखाई दे रहा है।

**जहां था बॉर्डर गेट, वहां लगाया चीन का झंडा:** सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके में भूरे-काले मलबे की मोटी परत दिखाई दे रही है। जहां पहले बॉर्डर गेट हुआ करता था, वहां चीन का झंडा लगाया गया है। बचावकर्मी चेतावनी वाले बोर्ड के पीछे लगातार खुदाई कर रहे हैं और मलबे में दबे लोगों की तलाश जारी है। चीनी अधिकारी और वैज्ञानिक विदेशी पत्रकारों को आपदा से हुए नुकसान और राहत-बचाव अभियान की जानकारी दे रहे हैं।

# एमपी में जहरीली शराब से पिता-बेटे समेत 22 मौतें 112 की हालत बिगड़ी, सागर-भोपाल में भर्ती

### ठेकेदार समेत 30 पर केस, 10 गिरफ्तार

**सागर।** मध्यप्रदेश के सागर जिले में जहरीली शराब पीने से मौतों का आंकड़ा बढ़कर 22 हो गया है। मृतकों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं। वहीं, शराब पीने के बाद 112 लोगों की तबीयत बिगड़ गई, जिन्हें सागर और भोपाल के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कई मरीजों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने शराब बेचने वाले ठेकेदार समेत 30 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इनमें से 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रशासन और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटे हैं। सोमवार सुबह महेश रावत (55), श्याम बाई अहिरवार (50) और कृष्ण कुमार लोधी की उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे पहले भोपाल एयरलिफ्ट किए गए राम प्रसाद लोधी की रविवार देर रात मौत हुई थी। उनके पिता गोविंद लोधी की भी रविवार को मौत हो गई थी। राम प्रसाद का छोटा भाई भूरे लोधी सागर में भर्ती है। सोमवार दोपहर गूगरा खुर्द निवासी भगवान सिंह (35), खटोरा निवासी गोपाल आदिवासी (40) और मुड़ना पैरा निवासी देश कुमार लोधी की भी मौत हो गई।



**परिजन बोले- शराब पीने के बाद बिगड़ी तबीयत**-मृतक महेश रावत के भतीजे श्रवण कुमार रावत ने बताया कि उनके चाचा ने रविवार शाम शराब पी थी। इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। श्याम बाई के बेटे विट्ठल अहिरवार ने बताया कि वे मामा के घर गमी में गए थे। उनकी मां घर पर अकेली थीं। उन्होंने गांव में किसी व्यक्ति से शराब मंगवाकर पी थी। देर रात तबीयत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# रॉयल टीचर और लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से शिक्षाविदों का सम्मान, बेस्ट स्कूल अवॉर्ड से उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थाओं को किया सम्मानित

## नारी शक्ति संगठन के तत्वावधान में रोटरी क्लब और नरसी इंडस्ट्री के सहयोग से आयोजित हुआ शिक्षक सम्मान समारोह






(खबर आस पास)

**बीकानेर:** शिक्षा केवल किताबों और परीक्षा परिणामों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संस्कार, रचनात्मकता, खेल प्रतिभा और व्यक्तित्व निर्माण की वह प्रक्रिया है, जो किसी भी समाज की आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करती है। बीकानेर की धरती पर शिक्षा के क्षेत्र में वर्षों से उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों और संस्थाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह इसी गौरवशाली परंपरा का प्रतीक बना। मौका था नारी शक्ति संगठन द्वारा जिला उद्योग संघ संभागर में रोटरी क्लब और नरसी इंडस्ट्री के सहयोग से आयोजित हुए शिक्षक सम्मान समारोह का। आयोजन में वरिष्ठ शिक्षकों को सम्मानित करने के दौरान माहौल काफी भावुक हो गया। पूरा सभागार शिक्षकों के सम्मान के दौरान बार-बार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम के संयोजक रविंद्र हर्ष ने आयोजन पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के क्षेत्र में तीन पीढ़ियों की **निरंतरता और योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि बीकानेर ने ऐसे** शिक्षकों को जन्म दिया है, जिन्होंने केवल विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाया, बल्कि उनके भीतर प्रतिभा, संस्कार, अनुशासन और सामाजिक सरोकारों की भावना विकसित की। कार्यक्रम के सह संयोजक ज्योति प्रकाश रंगा ने संचालन करते हुए बताया कि कार्यक्रम में लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से उन शिक्षाविदों को सम्मानित किया जा रहा है, जिन्होंने अपने जीवन का लंबा समय शिक्षा को समर्पित करते हुए हजारों विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में योगदान दिया।

**इनको मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड**

लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से प्रो.सुमेर चंद जैन, श्रीमती अलका डॉली पाठक, ओम सारस्वत, प्रो.शिशिर शर्मा, डॉ.उमा कांत गुप्त, प्रो.नरसिंग बिनानी, राम कुमार आचार्य, ओम सिंह इन्दा एवं नारायण व्यास को सम्मानित किया गया।

**इन स्कूलों को मिला बेस्ट स्कूल अवार्ड**

इसी क्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं को बेस्ट स्कूल अवॉर्ड प्रदान किए गए। इनमें सेठ तोलाराम बाफना एकेडमी, गीता देवी बागड़ी उच्च माध्यमिक विद्यालय नापासर, पुण्यार्थम, बाल गोविंदम स्कूल तथा बेसिक इंग्लिश स्कूल शामिल रहे।

समारोह में तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलगुरु प्रो.अखिल रंजन गर्ग, बीकाजी के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डीपी पचीसिया, समाजसेवी राजेश चूरा, नारी शक्ति संगठन की अध्यक्ष श्रीमती मधु खत्री, रोटरी क्लब रॉयल्स बीकानेर के अध्यक्ष इंजीनियर विपिन लड्ढा, रोटरी क्लब नोखा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल तथा नरसी ग्रुप के प्रतिनिधि प्रेम कुलरिया अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

**अतिथियों ने कहा—शिक्षा में निवेश, भविष्य में निवेश**

भामाशाह समाजसेवी नरसी कुलरिया ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति उसकी शिक्षा व्यवस्था से तय होती है। शिक्षक समाज के सबसे महत्वपूर्ण शिल्पकार हैं। वे केवल विद्यार्थियों को पढ़ाते नहीं, बल्कि उनके व्यक्तित्व को आकार देते हैं। ऐसे शिक्षकों और संस्थाओं का सम्मान वास्तव में पूरी शिक्षा व्यवस्था का सम्मान है। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.अखिल रंजन गर्ग ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री हासिल करना नहीं, बल्कि विद्यार्थी को एक बेहतर इंसान और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। बीकाजी ग्रुप के एमडी दीपक अग्रवाल ने कहा कि किसी विद्यार्थी की सफलता के पीछे उसके माता-पिता के साथ शिक्षक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक जिस समर्पण के साथ विद्यार्थियों के भविष्य के लिए कार्य करते हैं, उसका कोई आर्थिक मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डीपी पचीसिया ने कहा कि उद्योग जगत को भी ऐसे विद्यार्थियों की आवश्यकता है, जिनमें शिक्षा के साथ व्यवहारिक ज्ञान, नेतृत्व क्षमता और रचनात्मक सोच हो। इंजीनियर विपिन लड्ढा ने कहा कि विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क विकसित करने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। अंत मे नारी शक्ति की अध्यक्ष श्रीमती मधु खत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका लगातार मजबूत हुई है। आज शिक्षक केवल कक्षा में ज्ञान देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, व्यक्तित्व और संवेदनशीलता का निर्माण भी कर रहे हैं। उन्होंने सभी का आभार जताया।

# चिकित्सा के क्षेत्र में महत्व पूर्ण सेवा देने वाली संस्था मे नेत्रदान पखवाड़े के तहत तुलसी सेवा संस्थान में जागरूकता अभियान शुरू

## नेत्रदान का संकल्प लेकर दिया मानवता की सेवा का संदेश दिया



(खबर आस पास)

श्रीडूंगरगढ़ बीकानेर **तोलाराम मारू ।** चमन श्रीमाल ने बताया कि तेरापंथ युवक परिषद् श्रीडूंगरगढ़ द्वारा अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद् के 'Vision for Visionless 20' अभियान के अंतर्गत चल रहे राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े (25 अगस्त से 8 सितंबर) के तहत आज तुलसी सेवा संस्थान में नेत्रदान जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित नर्सिंग स्टाफ एवं तकनीकी स्टाफ , प्रशासक सूर्य प्रकाश गांधी सहित डॉक्टर एन.पी. मारू, प्रवीण कुमार गुप्ता, अरिहंत बैद, राजकुमार सुथार एवं रामानंद सिद्ध सहित चिकित्सको ने नेत्रदान के महत्व को समझाते हुए समाज में अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में सेवा कार्य में अग्रिम पंक्ति में रहने वाले तेरापंथ युवक परिषद् श्रीडूंगरगढ़ के अध्यक्ष विक्रम मालू एवं नेत्रदान प्रवृति सलाहकार अशोक जी झाबक ने नेत्रदान की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापन कोषाध्यक्ष चमन जी श्रीमाल ने किया। इस अवसर पर प्रवीण बोथरा, शुभम बोथरा, दीपक छाजेड़, रोशन सिंघी,रौनक पारख ,नारायण माली,सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान तुलसी सेवा संस्थान का सम्मान कर संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि नेत्रदान केवल एक संकल्प नहीं, बल्कि किसी की अंधेरी दुनिया में रोशनी देने का माध्यम है। मृत्यु के पश्चात किए गए नेत्रदान से किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में दृष्टि का उजाला लौटाया जा सकता है। सभी उपस्थितजनों ने स्वयं नेत्रदान का संकल्प लेने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अधिक से अधिक लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

**'नेत्रदान करें—मृत्यु के बाद भी किसी की दुनिया रोशन करें। '**

परिषद ने सभी पाठकों से निवेदन किया है कि इस सुचना को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाये।

# शिक्षक दिवस पर मंजू गुलगुलिया को मिलेगा शिक्षा शिरोमणि अवार्ड

## पैरा स्पोर्ट्स के खिलाड़ी मेडल अवॉर्डी के रूप में सम्मानित




(खबर आस पास)

**जयपुर।** जयपुर में ईकोफ्यूजन द्वारा आयोजित टीचर डे अवार्ड सेरेमनी 2026 का भव्य आयोजन 6 सितंबर 2026, रविवार को सुबह 9 से 12 बजे, छ्ररुञ्ज ऑडिटोरियम, डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, विज्ञान भवन, शास्त्री नगर, जयपुर में बीकानेर की पाँच प्रतिभाओं - मंजू गुलगुलिया, प्रेसिडेंट, स्रूस् दिव्यांग सेवा संस्था, पैरा स्पोर्ट्स बीकानेर को गेस्ट के रूप में शिक्षक शिरोमणि अवार्ड से सम्मानित किया गया। तथा बीकानेर के चार पैरा एथलेटिक खिलाड़ियों - दुर्गा गहलोत (पैरा इंटरनेशनल प्लेयर), ललिता गर्ग (नेशनल मेडलिस्ट), ललिता सैनी (पैरा स्पोर्ट्स) और खुशबू गिल (पैरा स्पोर्ट्स इंटरनेशनल प्लेयर, पैरा स्पोर्ट्स) को मेडल अवॉर्डी के रूप में सम्मानित किया गया, यह आयोजन फाउंडर डॉ. पूनम धवन, को-फाउंडर प्रो. डॉ. अनिल धवन और मैनेजिंग डायरेक्टर नेहल धवन द्वारा संचालित किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीलेखा शर्मा जॉइंट कमिश्नर, स्टेट टैक्स, राजस्थान और सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में वर्तिका जैन, टेलीविजन एंकर एंड कंटेंट क्रिएटर, रसोई राजस्थान री, गणगौर टेलीविजन और अनेक राज्य से आए हुए शिक्षक एवं शिक्षिकाएं, समाज सेविकाएं, अन्य वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।

# महावीर इंटरनेशनल अपेक्स नोखा ने वितरित किए 200 सेनिटरी नेपकिन



**नोखा (खबर आस पास)।** महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा निर्देशित महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय के अंतर्गत महिला जागरूकता कार्यक्रम में केन्द्र चेयरमैन सुरेन्द्र कुमार हीरावत व समाज सेवी हरिनारायण गट्टाणी ने सावित्री देवी गट्टाणी बालिका आदर्श विद्या मंदिर (रायसर रोड), नोखा में 200 सेनिटरी नेपकिन वितरण किए।कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर इंटरनेशनल प्रार्थना से किया गया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल के चेयरमैन सुरेन्द्र कुमार हीरावत ने कहा कि किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान संक्रमण से बचाव हेतु स्वच्छता का पूरा ध्यान रखना चाहिए तथा इस संबंध में रूढ़िवादी धारणाओं को त्याग कर झिझक छोड़ो-चुप्पी तोड़ो-खुलकर बोलो का प्रेरक संदेश देते हुए वर्तमान वैज्ञानिक पद्धति से निर्मित सेनिटरी पेड के उपयोग का आग्रह किया। महावीर इंटरनेशनल नोखा केंद्र के सचिव बाबूलाल कांकरिया ने बताया कि नोखा केन्द्र (100) एवं यूथ केंद्र (100) द्वारा (कुल 200) सेनिटरी नेपकिन शाला प्रधानाचार्य भागचंद बिश्नोई, लीला कंवर, कौशल्या सियाग को सुपुर्द किए गए। शाला प्रधानाचार्य भागचंद बिश्नोई ने कहा कि किशोरवय बालिकाओं के लिए सेनेटरी नेपकिन महत्वपूर्ण आवश्यकता है तथा इस प्रकार के हाइजैनिक सेनिटरी नेपकिन का उपयोग कर संक्रमण से बचा जा सकता है। समाज सेवी हरिनारायण गट्टाणी ने कहा कि सेनिटरी नेपकिन के उपयोग से बालिका में मानसिक तनाव कम होता है तथा उसकी कार्यक्षमता भी बनी रहती है। केंद्र के ईश्वरचन्द दुग्गड़ ने बताया कि अपेक्स द्वारा यह जागरूकता कार्यक्रम 350 केन्द्रों के माध्यम से पूरे भारतवर्ष में नियमित चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रियंका गोयल, सुनीता कंवर राठौड़, मनीष सीगड़ व श्याम सेवग, सहित शाला स्टाफ उपस्थित था। प्रधानाचार्य भागचंद बिश्नोई ने महिलाओं- बालिकाओं के स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूकता के प्रयासों व सेवा कार्यों के लिए महावीर इंटरनेशनल का आभार प्रकट किया।

# महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र द्वारा 200 सेनेटरी नैपकिन वितरित



**नोखा (खबर आस पास)।** महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा निर्धारित गरिमा प्रोजेक्ट के तहत झिझक छोड़ो, चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो का प्रेरक संदेश देते हुए वीरा केंद्र की चेयरपर्सन सरला अग्रवाल ने छात्राओं से वर्तमान वैज्ञानिक पद्धति से निर्मित सेनेटरी पैड के उपयोग का आग्रह किया।

पूर्व चेयरपर्सन मंजू बेद ने बताया कि महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषय पर महिला जागरूकता कार्यक्रम के तहत एसएल मेमोरियल सीनियर सैकंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महावीर इंटरनेशनल प्रार्थना से किया गया। इस अवसर पर वीरा केंद्र की सचिव ललिता मंत्री ने कहा कि किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान संक्रमण से बचाव हेतु स्वच्छता का पूरा ध्यान रखना चाहिए। शाला प्रधानाचार्य चंद्रकला चौधरी ने कहा कि बालिकाओं के लिए सेनेटरी नैपकिन महत्वपूर्ण आवश्यकता है तथा इस प्रकार के हाइजेनिक नैपकिन का उपयोग कर संक्रमण से बचा जा सकता है। इस अवसर पर वीरा केंद्र की संरक्षिका कमला मरोठी, शारदा दुगड़, अंजू हीरावत, सीमा मिश्रा, मेना तापड़िया, वीरा उर्मिला तापड़िया तथा विद्यालय की शिक्षिकाएं इंदुरानी, अनीता, रेणु, रेखा, खुशबू, पिंकी सहित अन्य महिला स्टाफ व बालिकाएं उपस्थित रहीं। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर अनोप सिंह ने महिलाओं- बालिकाओं के स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूकता के प्रयासों व सेवा कार्यों हेतु महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र का आभार प्रकट किया।

# बीकानेर के कूडो खिलाडियों ने हासिल की दोहरी सफलता




**बीकानेर (खबर आस पास)।** कार सोसाइटी, राजस्थान के तत्वावधान मे कूडो जोधपुर द्वारा आयोजित 13वीं राजस्थान स्टेट कूडो टूर्नामेन्ट 2026-27 तथा 7वी राजस्थान स्टेट कूडो फैडरेशन कप 2026-27 में बीकानेर टीम उप विजेता रही। कूडो राजस्थान की अध्यक्ष सोनिका सैन ने बताया कि सब जूनियर, जूनियर, कैडेट्स, सीनियर वर्गो में 200 कैटेगरी में 113 कूडोकाजो ने 13वीं राजस्थान स्टेट कूडो टूर्नामेन्ट 2026 - 27 में 49 गोल्ड, 27 सिल्वर तथा 8 ब्रॉन्ज तथा 7वीं राजस्थान स्टेट कूडो फैडरेशन कप में 46 गोल्ड, 27 सिल्वर तथा 32 ब्रॉन्ज सहित 105 मेडल दोनों टूर्नामेंट्स में 189 मैडल जीतकर बीकानेर टीम ने दोहरी उप विजेता ट्रॉफी हासिल की। हेड कोच कूडो राजस्थान ने बताया कि रॉयल रिर्जाट जोधपुर में इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर और टूर्नामेंट में 15 जिलों के 500 से अधिक कूडोकाजो ने विभिन्न भार व वर्गो में भाग लिया। कूडो इंडिया के हेड कोच हांसी मेहुल वोरा के निर्देशन में शिहान जैस्मिन मकवाना व शिहान प्रियंक राणा ने कूडो मार्शल आर्ट का वर्जन 25 का विशेष प्रशिक्षण स्ट्राइक, थ्रोइंग, ग्रपलिंग, सब मिशन का अभ्यास कराया।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार बिश्नोई, (आईपीएस), उप महानिरीक्षक पुलिस, आरपी टीसी, जोधपुर के द्वारा किया गया। टूर्नामेंट के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि उदयपुर की महारानी निवर्ति कुमारी, कूडो राजस्थान के हेड कोच प्रीतम सैन, कूडो राजस्थान की अध्यक्ष सोनिका सैन, कूडो राजस्थान सचिव अरुणा पटेल ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। बीकानेर टीम की डिंपल रामावत को बेस्ट फाइटर के रूप मे सम्मानित किया। सोनिका सैन ने बताया कि ओवर ऑल चैंपियन जोधपुर की टीम रही, उप विजेता बीकानेर और अलवर की टीम तीसरे स्थान पर रही। सभी विजेता खिलाड़ी 12 से 18 नवंबर तक अहमदाबाद, गुजरात में होने वाली 17वीं कूडो नेशनल चैंपियनशिप, 7वीं कूडो फैडरेशन कप तथा 18वीं अक्षय कुमार इंटरनेशनल कूडो टूर्नामेन्ट में हिस्सा लेंगे। टूर्नामेंट में प्रीतम सैन, सोनिका सैन, विजय सिंह चौहान, नदीम हुसैन, सिद्धान्त जोशी, ब्रह्मप्रकाश सर्वटे, योगेश्वर बारसा, प्रवीण साध ने रैफरी और जज की भूमिका निभाई।

# गजनेर रोड पुलिया एवं रेलवे मंडल चिकित्सालय सामने गंदगी का अंबार और मच्छरों का साम्राज्य



**बीकानेर (खबर आस पास)।** गजनेर रोड सर्वोदय बस्ती चौराहे से धनु खां के पेड़े से होते हुए पुलिया के नीचे से रेलवे मंडल चिकित्सालय के सामने तक आए दिन गन्दे नाले का पानी एकत्रित हो जाता है। यहां मच्छरों का साम्राज्य बना हुआ है। वैसे भी मौसमी बीमारियों का जोर जारी है। उसके उपर से मच्छरों का साम्राज्य कोड में खाज का काम कर रहा है। इस रास्ते से सर्वोदय, मुक्ता प्रसाद सहित रामपुरा बस्ती जाने वाले हजारों लोगों का आवागमन होता है। इस कीचड़ और गंदगी के कारण लाखों रुपए खर्च कर बनाई जाने वाली सड़क भी जगह जगह से टुट चुकी है और सरकारी लाखों रुपए खर्च किए इस गन्दे पानी में बहे जा रहे हैं। इतना ही नहीं आए दिन इस क्षेत्र में दुर्घटनाएं होती रहती है। उक्त समस्या का स्थाई समाधान होना चाहिए। एनडी कादरी ने

# प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिन पर गायों को खिलाया गुड़ और चारा

**बीकानेर (खबर आस पास)।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव (पंजाब के प्रभारी) एवं राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्मदिवस पर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पवनपुरी स्थित शनि मन्दिर के पास गायों को चारा व गुड खिलाकर उनके स्वस्थ, सुखी, समृद्ध एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव गजेन्द्रसिंह सांखला ने कहा कि सचिन पायलट ने सदैव लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और



जनहित की राजनीति को प्राथमिकता दी है। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अरूण व्यास ने कहा कि सचिन पायलट का व्यक्तित्व सरलता, सहजता, संघर्षशीलता और जनसेवा की भावना का प्रतीक है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल ने कहा कि सचिन पायलट ने हमेशा आम जनता, किसानों, युवाओं और समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की आवाज को बुलंद किया है। उनके नेतृत्व और जनसेवा की भावना से